दैनिक भास्कर
राजगढ़ 25-04-2022

सारंगपुर ▸ जीरापुर ▸ खिलचीपुर

आजादी का अमृत महोत्सव • हेलमेट पहने कतारबद्ध होकर रैली में शामिल हुए 200 बाइकर्स, 15 से ज्यादा महिलाएं भी पहुंची

यातायात जागरूकता के लिए बाइक रैली निकाली संगोष्ठी में वक्ता बोले-हादसे रोकने करें नियम पालन

भास्कर संवाददाता | जीरापुर

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत नगर में रविवार को आवास कॉलोनी स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आश्रम परिसर से नगर में यातायात जागरुकता बाइक रैली निकाली गई। इससे पहले परिसर में हुई यातायात जागरुकता संगोष्ठी में वक्ताओं ने नगर में यातायात व्यवस्था सुचारू बनाने के लिए जरूरी सुविधाएं जुटाने के सुझाव दिए। मौजूद जनप्रतिनिधियों ने इन पर प्रशासन के साथ मिलकर कार्ययोजना बनाने की बात कही है। वक्ताओं ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात नियमों का पालन करना जरूरी है। नियमों का अनिवार्य पालन करने से संभावित दुर्घटनाओं से बचने में काफी हद तक मदद मिल सकती है। नगर में हुआ इस प्रकार का आयोजन देश भर के 140 शहरों में आयोजित किया जा चुका है। इसका उद्देश्य लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरुकता लाने के प्रयास करना है।

कार्यक्रम में शामिल हुई ब्रह्माकुमारी बहन मधु, पूर्व विधायक हजारीलाल दांगी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रकाश पुरोहित, भाजपा मंडल अध्यक्ष विष्णुसिंह पंवार, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष बलराम टांक, प्रो डॉ राधावल्लभ गुप्ता आदि ने संबोधित किया। वक्ताओं ने यातायात के नियमों की जानकारी दी। वक्ताओं ने शपथ दिलाई कि जब भी वाहन चलाएंगे, हेलमेट जरूर पहनेंगे।

प्रेरणा... बच्चों ने अभिनय कर कहा- सजग रहें, लापरवाही से जान पर बन आती है

दिखा अनुशासन, लोगों ने फूल बरसाकर रैली का जोरदार स्वागत किया

बाइक रैली में अनुशासित बाइक सवार करीब 200 लोग हेलमेट पहनकर शामिल हुए। इनमें 15 से अधिक महिलाएं स्कूटी पर सवार होकर शामिल हुईं। बाइकर्स ने आम लोगों से सुरक्षित यातायात के लिए नियमों का पालन करने का संदेश दिया। कई जगह पुष्पवर्षा कर इनका स्वागत किया गया। रैली आश्रम परिसर से शुरू होकर आवास कॉलोनी, इंदर चौराहा, माचलपुर मार्ग, जमाई कॉलोनी, जवाहर चोक, बुधवारिया बाजार, चोपड़ा बाजार, बस स्टैंड, विवेकानंद चौराहा से बंसल कॉलोनी स्थित चामुंडेश्वरी माता मंदिर पर पहुंची। पुलिस व नगर परिषद की टीम ने रैली में जरूरी व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभाली।

ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित रैली में हेलमेट पहने बाइक सवार।

बच्चों ने किया लघु नाटिका का मंचन

बच्चों ने लघु नाटिका के माध्यम से सुरक्षित यातायात का संदेश दिया। बच्चों ने अभिनय के जरिए बताया कि कैसे लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने से जान गंवाने की नौबत बन आती है। आश्रम संचालिका बहन नम्रता व अतिथियों ने बच्चों को उपहार देकर प्रोत्साहित किया। अतिथियों को भी प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। बहन लक्ष्मी, नीलम, राधिका, वैशाली, सीमा, अरविंद सक्सेना, रामेश्वर टांक, देवनारायण दांगी सहित पुलिस व नगर परिषद के कर्मचारी मौजूद थे।

बदहाल है नगर की यातायात व्यवस्था

नगर में बीते कई वर्षों से यातायात व्यवस्था बदहाल है। मुख्य मार्ग, चौराहों पर वाहनों की पार्किंग, 2-पहिया, 4-पहिया वाहनों की सड़कों पर पार्किंग, अतिक्रमण के कारण सड़कों की चौड़ाई प्रभावित होना, व्यस्ततम बाजारों में बार-बार जाम के हालात, इंदर चौराहा, माचलपुर मार्ग, सुसनेर नाका, पचोर नाका, विवेकानंद चौराहे पर सडक पर हाथ ठेलों पर व्यवसाय किया जा रहा है। ऐसे में आए दिनों छोटी-बड़ी दुर्घटनाओं में राहगीर चोटिल हो रहे हैं।